AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

वोकेशनल व को-कॅरिकुलर कोर्स चुन सकेंगे कॉलेज

लखनऊ विश्वविद्यालय ने एनईपी के तहत उठाया महत्वपूर्ण कदम

अक्षय कुमार

लखनऊ। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय ने कॉलेजों को स्वायत्तता देने की दिशा में एक और कदम उठाया है। विवि ने सत्र 2022-23 के लिए तय किया है कि पांचों जिलों के कॉलेज अपने यहां की विशेषज्ञता व जरूरत के अनुसार वोकेशनल व को-कॅरिकुलर कोर्स चुनेंगे। विवि सिर्फ इनकी परीक्षाओं का आयोजन कर परिणाम देगा।

लविवि प्रशासन की ओर से सत्र 2021-22 में स्नातक कोर्सों में भी एनईपी को प्रभावी बनाया गया है। स्नातक कोर्स न सिर्फ चार साल के हुए हैं, बल्कि प्रत्येक वर्ष के पहले-तीसरे सेमेस्टर में विद्यार्थी को को-कॅरिकुलर व दूसरे-चौथे सेमेस्टर में वोकेशनल कोर्स की भी पढ़ाई करनी है, जब वह डिग्री लेकर निकले तो रोजगार के लिए भी तैयार हो। विवि प्रशासन ने पहले साल विद्यार्थियों को को-कॅरिकुलर व वोकेशनल में काफी कम विकल्प दिए थे। अब निर्णय लिया गया है कि इस बार कॉलेज खुद अपने को-कॅरिकुलर व वोकेशनल कोर्स चुनेंगे। इसकी पढ़ाई कराएंगे और इसका प्रश्नपत्र भी बनाकर विवि को भेजेंगे। लविवि परीक्षाओं के आयोजन में सहयोग करेगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि इन कोर्सों के संचालन का प्रशासनिक पक्ष विवि देखेगा और स्थानीय कॉलेज प्रशासन को देखना होगा।

एकेडमिक काउंसिल में संकायवार कई को-कॅरिकुलर व वोकेशनल कोर्सों को हरी झंडी दी गई है। यह कोर्स गठित डीन्स व कॉलेज प्राचार्यों की कमेटी ने स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखकर तय किए गए हैं। प्रो. राय ने बताया कि विवि और कॉलेज एक पूल के रूप में काम करेंगे।

गार्डनिंग, योग व फार्मिंग भी पढ़ा सकेंगे

प्रो. राय ने बताया कि कुछ कॉलेजों में फार्मिंग व गार्डनिंग का स्पेशलाइजेशन है। इसी तरह कुछ जगह पर योग व ध्यान से जुड़ी चीजें हैं। वे इसे अपने को-कॅरिकुलर कोर्स में शामिल कर सकते हैं। नए जुड़े जिलों की अपनी जरूरतें हैं। वे उनके अनुसार ही बिजली, चीनी उद्योग, चिकनकारी, आलू उत्पादन से जुड़े वोकेशनल कोर्स शुरू कर सकेंगे।

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू के आठ विद्यार्थियों को मिला प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय की ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की तरफ से प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक एवं बीबीए के आठ विद्यार्थियों को नौकरी मिली। इनमें हर्षित शुक्ला, आर्यमा पांडेय, राघवेंद्र प्रताप सिंह, प्रसून गुप्ता, हर्षवर्धन त्रिपाठी, हरिकेश तिवारी, अतुल कुमार एवं प्रिया चौहान शामिल हैं। प्लेसमेंट स्कॉलर कम्पनी में हुआ।

एलयू उपक्रम टीम 11 विवि को सलाह देगी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के उपक्रम की महानिदेशक प्रो. पूनम टण्डन की अध्यक्षता में रविवार को हुई बैठक में विभिन्न विश्वविद्यालयों के सदस्यों ने भाग लिया जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय, केजीएमयू और एमएमटीयू शामिल रहे। रैंकिंग के लिए ग्यारह विश्वविद्यालयों को सलाह देने के लिए उपक्रम टीम के सदस्यों ने विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की।

i-NEXT PAGE 4

स्थापना दिवस पर 5 पूर्व छात्रों को मिलेगा एल्युमिनाई अवार्ड

मालवीय सभागार में 25 नवंबर को होगा 102वें स्थापना दिवस का आयोजन

LUCKNOW (13 NOV): लखनऊ विश्वविद्यालय 25 नवंबर को अपना 102वां स्थापना दिवस मनाएगा. इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं. मालवीय सभागार में होने वाले समारोह में विश्वविद्यालय के पांच पूर्व छात्रों को एल्युमिनाई अवार्ड से पुरस्कृत किया जाएगा. मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को बुलाने के लिए पत्र भेजा गया है. हालांकि अभी वहां से सहमति नहीं आई है. वहीं, लखनऊ विश्वविद्यालय एल्युमिनाई फाउंडेशन की ओर से भी विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पूर्व छात्रों से सहमति के लिए संपर्क किया गया हैं.

1920 में हुई थी स्थापना

एलयू की स्थापना 25 नवंबर 1920 को हुई थी. अपने 102 साल के गौरवशाली इतिहास में लवि ने बहुत से ऐसे छात्र और शिक्षक दिए, जिन्होंने देश में मान बढ़ाया है. लखनऊ विश्वविद्यालय एल्युमिनाई फाउंडेशन के उपाध्यक्ष प्रो. अरूप चक्रवर्ती ने बताया कि हर संस्थान के लिए स्थापना दिवस गौरवशाली होता है. इस बार पांच ऐसे पूर्व छात्रों को एल्युमिनाई अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने चिकित्सा, कानून, शिक्षा सहित समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपना-अपना योगदान दिया हो. इनकी सूची तैयार की जा रही है. महासचिव प्रो. सुधीर मेहरोत्रा ने बताया कि समारोह में लवि के शिक्षक, छात्र, अधिकारी सहित सभी को आमंत्रित किया जाएगा. पूर्व छात्र अपने संस्मरण भी सुनाएंगे.

होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

सांस्कृतिकी के निदेशक प्रो. राकेश चंद्रा ने बताया कि स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे. इसमें पूर्व छात्रा ऋचा आर्या भारतीय राष्ट्रीय परंपरा पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेगी. पूर्व छात्र श्रेयांस गीत और एक अन्य छात्र नृत्य प्रस्तुत करेंगे. कार्यक्रम में दास्तान गोई, ग्रुप डांस का भी आयोजन होगा.

102वें स्थापना दिवस की तैयारी शुरू हो गई है. इस बार पांच पूर्व छात्रों को एल्युमिनाई अवार्ड से पुरस्कृत करेंगे. उनसे संपर्क करके सहमति ली जा रही है. जल्द ही नाम फाइनल होंगे.

प्रो. आलोक कुमार राय,
कुलपति, लखनऊ यूनिवर्सिटी

स्टेट यूनिवर्सिटीज की अब की जाएगी रैंकिंग

उप्र सेंटर फार रैंकिंग एक्रीडिटेशन एंड मेनटोरिंग (उपक्रम) की बैठक में बनी सहमति

LUCKNOW (13 NOV): उत्तर प्रदेश के 11 राज्य विश्वविद्यालयों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टाप रैंकिंग में लाने के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं. इसके लिए रविवार को उप्र सेंटर फार रैंकिंग एंड एक्रीडिटेशन मेंटरशिप (उपक्रम) की महानिदेशक प्रो. पूनम टंडन की अध्यक्षता में आनलाइन बैठक हुई, जिसमें एलयू, केजीएमयू, मदन मोहन मालवीय टेक्नानिकल यूनिवर्सिटी गोरखपुर के सदस्यों ने भाग लिया. बैठक में रैंकिंग के लिए विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की गई. तय हुआ कि प्रत्येक विश्वविद्यालय में एक रैंकिंग प्रकोष्ठ एवं शोध प्रकोष्ठ बनाया जाएगा.उपक्रम की महानिदेशक प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि रैंकिंग सेल, रैंकिंग एजेंसियों के माध्यम से जरूरी विभिन्न मानदंडों पर डेटा के संग्रह और संकलन में शामिल होगी.

सुधार में मदद करेंगे

प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि उपक्रम टीम के सभी शिक्षाविद रैंकिंग में शोध से संबंधित दो महत्वपूर्ण मानदंडों में सुधार के लिए मदद करेंगे. यह भी सुझाव दिया गया कि विश्वविद्यालयों को स्टडी इन इंडिया पोर्टल पर पंजीकरण करने की पहल करनी चाहिए, जो अंतरराष्ट्रीय छात्रों को उनकी पसंद के विश्वविद्यालयों का चयन करने की सुविधा प्रदान करेगा. महानिदेशक ने बताया कि उपक्रम की टीम 11 राज्य विश्वविद्यालयों में जाकर रैंकिंग की तैयारी की समीक्षा कर उसमें बेहतर करने के सुझाव भी देगी.

'हर विश्वविद्यालय बनाए एक रैंकिंग व रिसर्च सेल'

माई सिटी रिपोर्टर

'उपक्रम' की बैठक में दिए सुझाव

लखनऊ। प्रदेश के विश्वविद्यालयों की रैंकिंग सुधारने के लिए गठित उपक्रम की रविवार को हुई बैठक में संबंधित विश्वविद्यालयों को सुझाव दिया गया कि वे अपने यहां एक रैंकिंग और एक रिसर्च सेल का गठन करें।

उपक्रम की महानिदेशक व लविवि की डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन की अध्यक्षता में हुई बैठक में रैंकिंग के लिए 11 विश्वविद्यालयों को तैयार करने के लिए सदस्यों ने रणनीति पर चर्चा की। विशेष रूप से मानविकी और सामाजिक विज्ञान विषय के लिए अनुसंधान अनुदान और गुणवत्तापूर्ण प्रकाशन (स्कोपस/वेब ऑफ साइंस की सुविधा) के लिए अनुसंधान सेल की स्थापना की जाएगी। विश्वविद्यालयों को अनुसंधान सहयोगियों में वृद्धि करने पर भी सहमति बनी।

बैठक में यह भी सुझाव दिया गया कि विश्वविद्यालयों को स्टडी इन इंडिया पोर्टल पर पंजीकरण की पहल करनी चाहिए जो अंतरराष्ट्रीय छात्रों को उनकी पसंद के विश्वविद्यालयों का चयन करने की सुविधा प्रदान करेगा। साथ ही संकाय सदस्यों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान सहयोग बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। बैठक में लखनऊ विवि, केजीएमयू, एमएमटीयू आदि विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि शामिल रहे।

लविवि : पांच पूर्व छात्रों का होगा सम्मान

लखनऊ। लविवि का 102वां स्थापना दिवस समारोह 25 नवंबर को मनाया जाएगा। विवि प्रशासन इस बार समाज में विशिष्ट योगदान देने वाले पांच पूर्व छात्रों का सम्मान भी करेगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

लखनऊ विवि के आठ छात्रों का प्लेसमेंट

हर्षित शुक्ला | राघवेंद्र सिंह | आर्यमा पांडेय | हर्षवर्धन
प्रशून गुप्ता | हरिकेश तिवारी | अतुल कुमार | प्रिया चौहान

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक व बीबीए के आठ छात्रों का चयन स्कोलर कंपनी में हुआ है। इसमें हर्षित शुक्ला, आर्यमा पांडेय, राघवेंद्र प्रताप सिंह, प्रशून गुप्ता, हर्षवर्धन त्रिपाठी, हरिकेश तिवारी, अतुल कुमार व प्रिया चौहान शामिल हैं। कंपनी ने छात्रों का चयन बिजनेस डवलपमेंट ट्रेनी के पद पर किया। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि ट्रेनिंग के दौरान 15 हजार रुपये प्रति माह और 12 हजार रुपये इंसेन्टिव देंगे। ट्रेनिंग के बाद चयनित छात्रों को अधिकतम छह लाख प्रतिवर्ष का पैकेज ऑफर किया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी। (माई सिटी रिपोर्टर)

NBT PAGE 6

एलयू के आठ छात्रों को मिली नौकरी

■ एनबीटी, लखनऊ : एलयू के इंजिनियरिंग संकाय के आठ छात्रों का प्लेसमेंट रविवार को स्कोलर कंपनी में हो गया। कंपनी ने परफॉरमेंस के आधार और ट्रेनिंग के बाद इन छात्रों को अधिकतम छह लाख प्रतिवर्ष का पैकेज ऑफर किया गया है।

JAGRAN CITY PAGE III

स्थापना दिवस पर पांच पूर्व छात्रों को एल्युमिनाई अवार्ड

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय 25 नवंबर को अपना 102वां स्थापना दिवस मनाएगा। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। मालवीय सभागार में होने वाले समारोह में विश्वविद्यालय के पांच पूर्व छात्रों को एल्युमिनाई अवार्ड से पुरस्कृत किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को बुलाने के लिए पत्र भेजा गया है। हालांकि अभी वहां से सहमति नहीं आई है। वहीं, लखनऊ विश्वविद्यालय एल्युमिनाई फाउंडेशन की ओर से भी विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पूर्व छात्रों से सहमति के लिए संपर्क किया गया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय

102वें स्थापना दिवस की तैयारी शुरू हो गई है। इस बार पांच पूर्व छात्रों को एल्युमिनाई अवार्ड से पुरस्कृत करेंगे। उनसे संपर्क करके सहमति ली जा रही है। जल्द ही नाम फाइनल होंगे।

प्रो. आलोक कुमार राय, कुलपति, लवि

होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

सांस्कृतिकी के निदेशक प्रो. राकेश चंद्रा ने बताया कि स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसमें पूर्व छात्रा ऋचा आर्या भारतीय राष्ट्रीय परंपरा पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेगी। पूर्व छात्र श्रेयांस गीत और एक अन्य छात्र नृत्य प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में दास्तान गोई, ग्रुप डांस का भी आयोजन होगा।

राज्य विश्वविद्यालयों में बनेगी रैंकिंग और शोध सेल

जासं, लखनऊ : उत्तर प्रदेश के 11 राज्य विश्वविद्यालयों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टाप रैंकिंग में लाने के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। इसके लिए रविवार को उप्र सेंटर फार रैंकिंग एंड एक्रीडिटेशन मेंटरशिप (उपक्रम) की महानिदेशक प्रो. पूनम टंडन की अध्यक्षता में आनलाइन बैठक हुई, जिसमें लवि, केजीएमयू, मदन मोहन मालवीय टेक्नानिकल यूनिवर्सिटी गोरखपुर के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में रैंकिंग के लिए विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की गई। तय हुआ कि प्रत्येक विश्वविद्यालय में एक रैंकिंग प्रकोष्ठ एवं शोध प्रकोष्ठ बनाया जाएगा।

उपक्रम की महानिदेशक प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि रैंकिंग सेल, रैंकिंग एजेंसियों के माध्यम से जरूरी विभिन्न मानदंडों पर डेटा के संग्रह और संकलन में शामिल होगी। विशेष रूप से मानविकी, सामाजिक विज्ञान के लिए अनुसंधान, अनुदान एवं गुणवत्तापूर्ण प्रकाशन (स्कोपस/वेब आफ साइंस की सुविधा) के लिए अनुसंधान सेल की स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि उपक्रम टीम के सभी शिक्षाविद रैंकिंग में शोध से संबंधित दो महत्वपूर्ण मानदंडों में सुधार के लिए मदद करेंगे। यह भी सुझाव दिया गया कि विश्वविद्यालयों को "स्टडी इन इंडिया पोर्टल" पर पंजीकरण करने की पहल करनी चाहिए, जो अंतरराष्ट्रीय छात्रों को उनकी पसंद के विश्वविद्यालयों का चयन करने की सुविधा प्रदान करेगा। महानिदेशक ने बताया कि उपक्रम की टीम 11 राज्य विश्वविद्यालयों में जाकर रैंकिंग की तैयारी की समीक्षा कर उसमें बेहतर करने के सुझाव भी देगी।

लवि के आठ छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक एवं बीबीए के आठ छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट स्कोलर कंपनी में हुआ है। इनमें हर्षित शुक्ला, आर्यमा पांडेय, राघवेंद्र प्रताप सिंह, प्रसून गुप्ता, हर्षवर्धन त्रिपाठी, हरिकेश तिवारी, अतुल कुमार एवं प्रिया चौहान शामिल हैं।

कंपनी ने छात्रों का चयन बिजनेस डेवलपमेंट ट्रेनी के पद पर किया। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि कंपनी छात्रों को ट्रेनिंग के दौरान 15000 रुपये प्रतिमाह तथा 12000 रुपये इंसेन्टिव (परफारमेंस के आधार पर) देगी। ट्रेनिंग के बाद बीटेक और बीबीए के छात्रों को अधिकतम छह लाख रुपये प्रतिवर्ष का पैकेज आफर मिला है।

पीएचडी के कई विषयों की सीटों में बदलाव

अखिल सक्सेना• लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रही शैक्षिक सत्र 2021-22 के पीएचडी दाखिले की प्रक्रिया में अब तक 28 विषयों में कटआफ और सीट आवंटन जारी हो चुका है। पिछली सीट मैट्रिक के सापेक्ष कई विषयों में सीटों की संख्या में बदलाव हुआ है। अब हिंदी विषय में सीटों की संख्या 74 से बढ़कर 118 हो गई। इनमें भी कालेज की सीटें अधिक हैं।

लवि में बीते 12 जुलाई को पीएचडी दाखिले के लिए सीटों की संख्या जारी की थी, जिसमें 37 विषयों में रेगुलर पीएचडी के लिए 1,246 सीटें निर्धारित थीं। सीटों की संख्या पर लखनऊ विश्वविद्यालय सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा) ने सवाल उठाए थे। हाल ही में विभागों की ओर से प्रवेश सेल को सीटों की फाइनल संख्या भेज दी गई। अब इसमें कई विषयों में सीटें बढ़ी हैं। हिंदी फुल टाइम पीएचडी के लिए पहले 74 सीटें थीं, अब संख्या 118 हो गई। इसी तरह बाटनी में 16 से बढ़कर 17, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में 20 की जगह 23, साइकोलाजी में 10 से बढ़कर 12 सीटें हो गईं। इन विषयों में पात्र अभ्यर्थी भी आवंटित कर दिए गए हैं। जाग्रफी में 19 और मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास में 49 सीटें हैं।

फिजिकल एजुकेशन में 55 सीटें, 42 अभ्यर्थी : इस बार पीएचडी के कई विषयों में योग्य अभ्यर्थी ही नहीं मिले। फिजिकल एजुकेशन में 55 सीटें हैं, लेकिन सिर्फ 42 अभ्यर्थी ही लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के पास पीएचडी के लिए पात्र मिले हैं। इसी तरह कामर्स में 64 सीटों पर 62 अभ्यर्थी योग्य पाए गए।

पार्ट टाइम पीएचडी में भी जल्द शुरू होंगे प्रवेश

लवि में फुल टाइम पीएचडी में कटआफ और सीट आवंटन जारी है। पार्ट टाइम पीएचडी में भी साक्षात्कार आदि की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। विभागीय शोध समिति की ओर से अभ्यर्थियों की सूची अनुमोदन के लिए कुलपति के पास भेजी जा रही है। वहां से मंजूरी मिलते ही सूची जारी करके अभ्यर्थियों को फीस जमा करने का मौका दिया जाएगा। इस बार सिर्फ 13 विषय में 46 सीटों पर आवेदन हुए थे।

पहले जो सीटों की संख्या आई थी, उसे फिर विभागों को भेजकर सत्यापित कराया है। सिर्फ दो-चार विषय में ही सीटों में थोड़ा संशोधन हुआ है। अधिक बदलाव नहीं है।

संजय मेधावी, कुलसचिव, लवि

PIONEER PAGE 3

हर विश्वविद्यालय में बनेगा रैंकिंग व शोध प्रकोष्ठ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राज्य विश्वविद्यालयों को विश्व स्तरीय शिक्षण संस्थानों की श्रेणी में लाने के लिए हॉल ही में राज्य सरकार के निर्देश पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा गठित उपक्रम की बैठक रविवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में लखनऊ विश्वविद्यालय, केजीएमयू और एमएमटीयू शामिल रहे। महानिदेशक प्रो पूनम टंडन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में रैंकिंग के लिए ग्यारह विश्वविद्यालयों को सलाह देने के लिए उपक्रम टीम के सदस्यों ने विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की। बैठक में प्रत्येक विश्वविद्यालय में एक रैंकिंग प्रकोष्ठ एवं शोध प्रकोष्ठ बनाने की अनुशंसा की गई। रैंकिंग सेल, रैंकिंग एजेंसियों द्वारा आवश्यक विभिन्न मानदंडों पर डेटा के संग्रह और संकलन में शामिल होगा। विशेष रूप से मानविकी और सामाजिक विज्ञान के लिए अनुसंधान अनुदान और गुणवत्तापूर्ण प्रकाशन स्कोपस, वेब ऑफ साइंस की सुविधा के लिए अनुसंधान सेल की स्थापना की जाएगी। उपक्रम टीम के सभी शिक्षाविदों द्वारा रैंकिंग में शोध से संबंधित दो महत्वपूर्ण मानदंडों मे सुधार हेतु विश्वविद्यालयों में अनुसंधान सहयोगियों के बढ़ाए जाने पर विशेष ध्यान केंद्रित करने पर सहमति बनी। यह भी सुझाव दिया गया कि विश्वविद्यालयों को स्टडी इन इंडिया पोर्टल पर पंजीकरण करने की पहल करनी चाहिए, जो अंतरराष्ट्रीय छात्रों को उनकी पसंद के विश्वविद्यालयों का चयन करने की सुविधा प्रदान करेगा और संकाय सदस्यों को राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान सहयोग बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के दौरे के बाद उपक्रम टीम के सदस्यों की बैठक के दौरान रैंकिंग से संबंधित यह पहल बैठक का मुख्य आकर्षण रही।

लविवि के आठ इंजीनियरिंग छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक एवं बीबीए के 8 छात्रों हर्षित शुक्ला, आर्यमा पांडेय, राघवेंद्र प्रताप सिंह, प्रशून गुप्ता, हर्षवर्धन त्रिपाठी, हरिकेश तिवारी, अतुल कुमार एवं प्रिया चौहान का प्लेसमेंट स्कोलर कम्पनी में हुआ। कंपनी ने छात्रों का चयन बिजनेस डेवलपमेंट ट्रेनी के पद पर किया। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डा हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि अभी हाल ही में इस कम्पनी में विश्वविद्यालय के 17 छात्रों का प्लेसमेंट हुआ था, अब 8 छात्रों के चयन के साथ इस कंपनी में कुल चयनित छात्रों की संख्या 25 हो गई है। कंपनी ने छात्रों को ट्रेनिंग के दौरान 15000 रूपये प्रति माह तथा 12000 रुपये इंसेन्टिव परफॉरमेंस के आधार पर और ट्रेनिंग के बाद बीटेक और बीबीए के छात्रों को अधिकतम 6 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज ऑफर किया हैं। छात्रों की इस उपलब्धि पर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने बधाई दी है।

SWATANTRA BHARAT PAGE 5

एलयू के 8 छात्रों का बिजनेस डेवलपमेंट ट्रेनी पद पर प्लेसमेंट

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। एलयू के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक एवं बीबीए के 8 छात्रों, हर्षित शुक्ला, आर्यमा पांडेय, राघवेंद्र प्रताप सिंह, प्रशून गुप्ता, हर्षवर्धन त्रिपाठी, हरिकेश तिवारी, अतुल कुमार एवं प्रिया चौहान का प्लेसमेंट स्कोलर कम्पनी में हुआ। कंपनी ने छात्रों का चयन बिजनेस डेवलपमेंट ट्रेनी के पद पर किया। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि अभी हाल ही में इस कम्पनी में विश्वविद्यालय के 17 छात्रों का प्लेसमेंट हुआ था, अब 8 छात्रों के चयन के साथ इस कंपनी में कुल चयनित छात्रों की संख्या 25 हो गई है। कंपनी ने छात्रों को ट्रेनिंग के दौरान 15000 रूपये प्रति माह तथा परफॉरमेंस के आधार पर 12000 रुपये इंसेन्टिव और ट्रेनिंग के बाद बी.टेक और बीबीए के छात्रों को अधिकतम 6 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज ऑफर किया है। एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रो. ए. के. सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

विश्वविद्यालयों में रैंकिंग व शोध प्रकोष्ठ बनाने की अनुशंसा

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। प्रो पूनम टंडन, महानिदेशक, उपक्रम की अध्यक्षता में रविवार को उपक्रम टीम की बैठक में विभिन्न विश्वविद्यालयों के सदस्यों ने भाग लिया जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय, केजीएमयू और एमएमटीयू शामिल रहे। रैंकिंग के लिए ग्यारह विश्वविद्यालयों को सलाह देने के लिए उपक्रम टीम के सदस्यों ने विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की। इस बैठक में प्रत्येक विश्वविद्यालय में एक रैंकिंग प्रकोष्ठ एवं शोध प्रकोष्ठ बनाने की अनुशंसा की गई। रैंकिंग सेल, रैंकिंग एजेंसियों द्वारा आवश्यक विभिन्न मानदंडों पर डेटा के संग्रह और संकलन में शामिल होगा। विशेष रूप से मानविकी और सामाजिक विज्ञान के लिए अनुसंधान अनुदान और गुणवत्तापूर्ण प्रकाशन, स्कोपस व वेब ऑफ साइंस की सुविधा के लिए अनुसंधान सेल की स्थापना की जाएगी। उपक्रम टीम के सभी शिक्षाविदों द्वारा रैंकिंग में शोध से संबंधित दो महत्वपूर्ण मानदंडों मे सुधार हेतु विश्वविद्यालयों में अनुसंधान सहयोगियों के बढ़ाए जाने पर विशेष ध्यान केंद्रित करने पर सहमति बनी। इसमें यह भी सुझाव दिया गया कि विश्वविद्यालयों को स्टडी इन इंडिया पोर्टल पर पंजीकरण करने की पहल करनी चाहिए, जो अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को उनकी पसंद के विश्वविद्यालयों का चयन करने की सुविधा प्रदान करेगा और संकाय सदस्यों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान सहयोग बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के दौरे के बाद उपक्रम टीम के सदस्यों की बैठक के दौरान रैंकिंग से संबंधित यह पहल बैठक का मुख्य आकर्षण रही। प्रो. पूनम टंडन, महानिदेशक उपक्रम ने चयनित 11 विश्वविद्यालयों को सलाह देने के लिए अपनी टीम की प्रतिबद्धता व्यक्त की और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को प्रोत्साहित करने और उच्च शिक्षा में अंतर्राष्ट्रीय मंच तक पहुंचने के लिए उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के मार्गदर्शन में गठित उपक्रम के उद्देश्य को पूरा करने की पहल पर ध्यान केंद्रित रखेगा।

TARUN MITRA PAGE 12

विश्वविद्यालयों में रैंकिंग व शोध प्रकोष्ठ बनाने की सिफारिश

लखनऊ, 13 नवम्बर (तरुणमित्र)। लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रो. पूनम टंडन, महानिदेशक उपक्रम की अध्यक्षता में उपक्रम टीम की आयोजित बैठक में कई विश्वविद्यालयों के सदस्यों ने भाग लिया। जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय,केजीएमयू और एमएमटीयू शामिल रहे। इस दौरान रैंकिंग के लिए ग्यारह विश्वविद्यालयों को सलाह देने के लिए उपक्रम टीम के सदस्यों ने विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की।

बैठक में प्रत्येक विश्वविद्यालय में एक रैंकिंग प्रकोष्ठ एवं शोध प्रकोष्ठ बनाने की सिफारिश की गई। रैंकिंग सेल, रैंकिंग एजेंसियों ने तमाम जरूरी मानदंडों पर डेटा के संग्रह और संकलन में शामिल होगा। विशेष रूप से मानविकी और सामाजिक विज्ञान के लिए अनुसंधान अनुदान और गुणवत्तापूर्ण प्रकाशन (स्कोपस, वेब ऑफ साइंस की सुविधा) के लिए अनुसंधान सेल की स्थापना की जाएगी।

लविवि के 8 छात्रों को स्कॉलर कंपनी में मिला रोजगार

लखनऊ, 13 नवम्बर (तरुणमित्र)। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक एवं बीबीए के 8 छात्रों जिनमें हर्षित शुक्ला, आर्यमा पांडेय,राघवेंद्र प्रताप सिंह, प्रशून गुप्ता, हर्षवर्धन त्रिपाठी, हरिकेश तिवारी, अतुल कुमार एवं प्रिया चौहान का प्लेसमेंट स्कोलर कम्पनी में हुआ। कंपनी ने छात्रों का चयन बिजनेस डेवलपमेंट ट्रेनी के पद पर किया। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि अभी हाल ही में इस कम्पनी में विश्वविद्यालय के 17 छात्रों का प्लेसमेंट हुआ था और अब 8 छात्रों के चयन के साथ इस कंपनी में कुल चयनित छात्रों की संख्या 25 हो गई है। कंपनी ने छात्रों को ट्रेनिंग के दौरान 15000 रुपए प्रति माह तथा 12000 रुपये इंसेन्टिव परफॉरमेंस के आधार पर और ट्रेनिंग के बाद बी.टेक तथा बीबीए के छात्रों को अधिकतम 6.0 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज ऑफर किया हैं।